

# 5 पैटर्न

बिन्नी और गिन्नी घर जा रही थीं। रास्ते में उन्होंने कुछ लोगों को फुटपाथ बनाते देखा। इस काम में जिन टाइलों का इस्तेमाल किया जा रहा था वे अलग–अलग रंगों और डिज़ाइनों की थीं। उन्होंने कुछ ऐसा देखा –




घर पहुँचकर उन्होंने अपनी माँ की साड़ी रस्सी पर टँगी देखी। उसमें भी अलग–अलग रंगों से बना खूबसूरत डिज़ाइन था।




© NCERT not to be republished

शाम को वे पार्क में खेल रही थीं। उन्होंने चारदीवारी पर लोहे की जाली लगी देखी।





लोहे की उस जाली को देखकर बिन्नी ने कहा – हमारे घर की खिड़की पर यही जाली एक अलग तरह का पैटर्न बनाती है।



हम इस तरह के अलग-अलग पैटर्न अपने चारों ओर – टाइल, कपड़े, दरी आदि पर देखते हैं।


भोलू बिन्नी की माँ की शॉल का एक कोना खा गया है।
कौन-सा टुकड़ा उसी पैटर्न का है – चित्र देखकर इसे पहचानने में बिन्नी की मदद करो।






© NCERT not to be republished

माधव गेट पर  से एक पैटर्न बनाना चाहता है। क्या तुम बता सकते हो कि इनमें से कौन-सा पैटर्न इससे नहीं बनाया जा सकता?



खाली खानों को भर कर पैटर्न को पूरा करो।



© NCERT not to be republished

## पत्तेदार पैटर्न

एक पत्ते से कई अलग–अलग पैटर्न बन सकते हैं। ये पाँच पत्तेदार पैटर्न देखो।


1.




2.



3.



4.




5.



अब तुम भी ↑ तीरों से अपनी कॉपी में कुछ पैटर्न बनाओ।

© NCERT not to be republished

पैटर्नों को ध्यान से देखो और खाली खाने भरो।





अब, तुम भी अलग-अलग आकृतियों के इस्तेमाल से अपने पैटर्न बनाओ और उन्हें अपने दोस्तों को दिखाओ।


© NCERT not to be republished


## संख्याओं के पैटर्न

आओ, अब हम संख्याओं वाले कुछ पैटर्न देखें। हर पैटर्न में खाली जगह पर सही संख्या लिखो?








पैटर्न पहचानने के लिए बच्चों को प्रेरित कीजिए। संख्याओं से बन सकने वाले कुछ और अलग-अलग पैटर्नों पर चर्चा कीजिए।




© NCERT not to be republished

टीटू मेंढक दो संख्याओं पर से कूदता है और तीसरे पर पहुँचता है। अब टीटू कहाँ जाएगा? इसी तरह जिन संख्याओं पर टीटू कूदेगा उन पर गोला बनाओ।




टीटू कूदते हुए हर कूद में 10वें पत्थर पर पहुँच जाता है। पत्थरों पर संख्या लिखो।





© NCERT not to be republished


ध्यान से देखो और आगे के खानों को भरो।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AA | BB | CC | | | | | |
| AB | CD | EF | | | | | |
| DAY | NIGHT | DAY | | | | | |
| 1 | 2 | 1 | 2 | | | | |
| 87 | 88 | 89 | | | | | |
| 20 | 30 | 40 | | | | | |
| 19 | 29 | 39 | | | | | |
| 2 | 5 | 8 | | | | | |
| 15 | 20 | 25 | | | | | |
| 18 | 21 | 24 | | | | | |
| 52 | 54 | 56 | | | | | |
| 5P | 6Q | 7R | | | | | |
| 85 | 75 | 65 | | | | | |
| 55 | 50 | 45 | | | | | |
| 20 | 19 | 18 | | | | | |
| 40 | 38 | 36 | | | | | |

© NCERT not to be republished

केतु ने पत्ते इकट्ठा कर कुछ पैटर्न बनाए हैं।





अब तुम भी कुछ पत्ते चुनो और उन्हें अलग-अलग पैटर्नों में लगाओ। साथ ही माचिस की तीलियों से कुछ पैटर्न बनाओ।

© NCERT not to be republished